बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 189 ब.वि.वि. / परीक्षा / 2021 भोपाल, दिनांक 4/6/21

ओपन बुक पद्धति के तहत आयोजित होने वाली स्नातक कक्षाओं की सत्र 2020–21 की परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश :–

1. परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय–सारणी अनुसार प्रश्न–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट में कक्षावार, विषयवार उपलब्ध करवायें जायेंगे।
2. संग्रहण केन्द्र की सूची अग्रणी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रदर्शित की जाएगी।
3. उत्तरपुस्तिकाओं हेतु सामान्यतः ए–4 साईज के कागज या लांग रजिस्टर के पृष्ठों का प्रयोग छात्रों को स्वयं करना होगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसमें उल्लेखित सभी कॉलम की पूर्ति करने के उपरांत उसे अपनी उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में संलग्न करे।
5. उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को इक्टठा कर साइड से 01 उंगली बराबर मोडकर उपर नीचे और बीच में 03 स्टेपल पिन लगाकर उसे उत्तरपुस्तिका के रूप में बना ले।
6. प्रत्येक प्रश्न की उत्तर लिखने की शब्द सीमा सामान्यतः 250 शब्दों में होगी तथा उत्तरपुस्तिका समान्यतः 18 पृष्ठ की होगी।
7. परीक्षार्थी उत्तर लिखने हेतु केवल काले या नीले बॉल पेन का प्रयोग करेंगे।
8. प्रत्येक प्रश्न–पत्र के लिए पृथक–पृथक उत्तरपुस्तिका का उपयोग अनिवार्य है।
9. उत्तरपुस्तिकाएं स्वयं लिखित होनी चाहिये। किसी अन्य छात्र या छायाप्रति का उपयोग करने पर परीक्षार्थी की परीक्षाऐं निरस्त की जाएंगी। संग्रहण केन्द्र में इसकी जॉच की जा सकती है।
10. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय अवधि में उत्तरपुस्तिका निकट के संग्रहण केन्द्रों में जमा करना सुनिश्चित करेंगे अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो अपनी लिखित उत्तरपुस्तिका परिक्षेत्र से बाहर होने के कारण जमा नही करा पा रहे है वे अपनी उत्तरपुस्तिका स्पीट पोस्ट के माध्यम से 18.06.2021 सायं 04:00 बजे तक उपकुलसचिव, गोपनीय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल 462026 के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से बुक (पोस्ट) करेंगे।
11. निर्धारित तिथि के पश्चात् उत्तरपुस्तिका स्वीकार नही की जाएगी।
12. संबंधित छात्र अपनी समस्त 9/11 लिखित उत्तरपुस्तिकाऐं एक ही संग्रहण केन्द्र तथा एक ही समय पर एक बार में जमा करेंगे।
13. समस्त परीक्षार्थियो को मुख्य पृष्ठ पर अंकित परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य है।
14. समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सूचना जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in का अवलोकन करते रहे।
15. विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रण कक्ष / हेल्प लाईन का विवरण वेबसाइट में उपलब्ध रहेगा। परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकते है।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

पृ.क्रमांक 190 / परीक्षा / 2020 भोपाल, दिनांक 4/6/21

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्यो की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. नस्ती प्रति।

04/06/2021
परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।